**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार**
**अभ्यास प्रश्न पत्र**
**मध्यावधि परीक्षा**
**सत्र: 2026-27**
**विषय: सामाजिक विज्ञान**
**कक्षा 7**

**निर्धारित अवधि: 2 घंटे 30 मिनट** **अधिकतम अंक 60**

**सामान्य निर्देश**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नपत्र छः खंडों – क, ख, ग, घ, ङ एवं च – में विभाजित है।
3. खंड क में प्रश्न संख्या 1 के सभी उपप्रश्न बहुविकल्पीय हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। सही विकल्प का चयन कीजिए।
4. खंड ख में प्रश्न संख्या 2 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक उत्तर कम से कम 20 शब्दों में लिखिए।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 6 एवं 7 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक उत्तर लगभग 40–60 शब्दों में लिखिए।
6. खंड घ में प्रश्न संख्या 8 एवं 9 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।
7. खंड ङ में प्रश्न संख्या 10 से 13 तक स्रोत/केस-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। दिए गए स्रोत/गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
8. खंड च में प्रश्न संख्या 14 मानचित्र-आधारित प्रश्न है तथा 5 अंक का है। दिए गए स्थानों को मानचित्र पर उचित प्रतीकों/चिह्नों द्वारा दर्शाइए।
9. प्रश्नपत्र में समग्र (Overall) विकल्प नहीं दिया गया है, तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
10. दृष्टिबाधित (Visually Impaired) विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर पृथक प्रश्न दिया गया है। यह प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किया जाएगा।
11. उत्तर लिखते समय स्वच्छता एवं स्पष्टता का विशेष ध्यान रखिए।

**खंड क**

**बहुविकल्पीय प्रश्न (1x15=15)**

**1. (i) निम्नलिखित में से कौन सा भारत का पड़ोसी देश है?** **1**

(A) ऑस्ट्रेलिया

(B) दक्षिण अफ्रीका

(C) ब्रिटेन

(D) पाकिस्तान

**(ii) निम्नलिखित में से कहां वायुमंडलीय दाब सर्वाधिक होगा?** **1**

(A) समुद्र तट के निकट

(B) समुद्र तट से दूर

(C) पर्वतों पर

(D) पठारों पर

**(iii) निम्नलिखित में से सर्वाधिक वर्षा कहां होती है?** **1**

(A) राजस्थान

(B) गुजरात

(C) मॉसिनराम

(D) श्रीनगर

**(iv) सही मिलान की पहचान कीजिए।** **1**

(A) अवंति – अंग

(B) वाराणसी - काशी

(C) मल्ल - कोसल

(D) मगध – कुरुक्षेत्र

**(v)निम्नलिखित जानकारी के आधार उपयुक्त विकल्पों में से मेरी पहचान कीजिए।** **1**

(I) मैं चंद्रगुप्त मौर्य के समय भारत आया।

(II) मैंने 'इंडिका' नामक पुस्तक लिखी।

**विकल्प**

(A) कौटिल्य

(B) पोरस

(C) मेगास्थनीज

(D) एलेक्जेंडर

**(vi) निम्नलिखित में से किस शासक का वर्णन संगम साहित्य में नहीं है?** **1**

(A) चोल

(B) शुंग

(C) चेर

(D) पांड्य

**(vii) निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री है?** **1**

(A) कालिदास

(B) वराहमिहिर

(C) चंद्रगुप्त

(D) समुद्रगुप्त

**(viii) नीचे दो कथन, अभिकथन (A) कारण (R) के रूप में दिए गए हैं । उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।** **1**

**अभिकथन (A):** भारत में वैदिक काल से नदियों की पूजा होती है।

**कारण (R):** कुंभ मेला अमृत मंथन के आख्यान से आरंभ होता है।

**विकल्प :**

(A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सही है परन्तु R गलत है।

(D) A गलत है परन्तु R सही है।

**(ix) कथन I तथा कथन II को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।** **1**

**कथन I :** समानता से अर्थ है कि प्रत्येक व्यक्ति समान व्यवहार पाने का अधिकार है।

**कथन II :**स्वतंत्रता से तात्पर्य स्वयं चयन करने और अपना मत अभिव्यक्त करने का अधिकार है।

**विकल्प :**

(A) केवल कथन I सही है।

(B) केवल कथन II सही है।

(C) दोनों कथन I और II सही हैं।

(D) दोनों कथन I और II गलत हैं।

**(x) भारतीय संविधान कब लागू हुआ?** **1**

(A) 26 जनवरी 1950

(B) 15 अगस्त 1950

(C) 15 अगस्त 1947

(D) 26 जनवरी 1947

**(xi) मुद्रा के प्रयोग के बिना वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान करने का तरीका है-** **1**

(A) सिक्का प्रणाली

(B) वस्तु विनिमय प्रणाली

(C) कागजी नोट प्रणाली

(D) यूपीआई प्रणाली

**(xii) निम्नलिखित में से किस उत्पाद पर आपको बी.ई.ई. का चिह्न दिखेगा?** **1**

(A) कृषि उत्पाद

(B) विद्युत उत्पाद

(C) खाद्य उत्पाद

(D) स्वर्ण उत्पाद

**(xiii) भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री कौन थे?** **1**

(A) सौरभ शुक्ला

(B) राकेश शर्मा

(C) दीपक वर्मा

(D) अनूप अय्यर

**(xiv)अष्टाध्यायी नामक ग्रंथ की रचना किसने की?** **1**

(A) आर्यभट

(B) पाणिनी

(C) कौटिल्य

(D) ब्रह्मगुप्त

**(xv) सामान्य संवत पूर्व पाँचवीं एवं चौथी शताब्दी के दौरान ग्रीस में किन्हें मत देने का अधिकार नहीं था?** **1**

I. महिलाओं

II. श्रमिकों

III. दासों

IV. स्वतंत्र पुरुषों

**विकल्प**

(A) केवल I

(B) केवल I और II

(C) केवल I, II और III

(D) केवल IV

## खंड ख

### लघु उत्तरीय प्रश्न (4x2=8)

2.(A) लक्षद्वीप द्वीपसमूह की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **2**

**अथवा**

2.(B) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **2**

3.किन्हीं दो प्रारंभिक गणराज्यों का नाम लिखिए तथा इनमें से किसी एक की मुख्य विशेषता बताइए। **2**

4. स्वतंत्र न्यायपालिका के महत्व का वर्णन कीजिए। **2**

5.(A) मुद्रा के किन्हीं दो आधुनिक रूपों की व्याख्या कीजिए तथा इनके उपयोग से होने वाले लाभ बताइए। **2**

**अथवा**

5.(B) वस्तु विनिमय प्रणाली के किन्हीं दो दोषों की व्याख्या कीजिए तथा बताइए कि आधुनिक मुद्रा प्रणाली इन दोषों को कैसे दूर करती है? **2**

## खंड ग

### लघु उत्तरीय प्रश्न (2x3=6)

6.(A) अपने दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से बाजार के महत्व की व्याख्या कीजिए तथा यह भी बताइए कि बाजार के बिना हमारा जीवन कैसे प्रभावित होगा? **3**

**अथवा**

6.(B) आप अपने दैनिक जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएँ कहाँ से खरीदते हैं? कोई दो कारण भी बताइए तथा इन स्थानों का चयन करने में कौन-कौन से कारक काम करते हैं? **3**

7.(A) शुंग शासकों की किन्हीं तीन विशेषताओं की समीक्षा कीजिए। **3**

**अथवा**

7.(B) सातवाहन शासकों की किन्हीं तीन विशेषताओं की समीक्षा कीजिए। **3**

## खंड घ

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2x5=10)

8.(A) जलवायु हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित करती है? अपने दैनिक जीवन के उदाहरणों के आधार पर समझाइए । **5**

**अथवा**

8.(B) भारत की जलवायु की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन। **5**

9. भारतीय संविधान की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **5**

## खंड ङ

### केस आधारित प्रश्न (4x4=16)

**10. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

गर्मियों में पर्वतों पर जमी बर्फ पिघलती है और यही सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख नदियों का प्रमुख जलस्रोत बनती है। ये नदियाँ और इनकी सहायक नदियाँ लोगों को पीने योग्य जल तथा कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल उपलब्ध कराती हैं और करोड़ों लोगों के जीवन को सुगम बनाती हैं। इसलिए कभी-कभी हिमालय पर्वत शृंखला को 'एशिया का जल शिखर' भी कहा जाता है। हिमालय अनेक संस्कृतियों और आस्थाओं का केंद्र भी है। इन पर्वतों को पावन माना जाता है। यहाँ अनेक मठों और मंदिरों का निर्माण हुआ है, जिसके कारण ये तीर्थ स्थल आज भी संपूर्ण विश्व से संतों, महात्माओं तथा अन्य आध्यात्मिक साधकों को ध्यान, अर्चना एवं साधना के लिए आकर्षित करते हैं।

**प्रश्न:**

**(10.1) हिमालय कहाँ अवस्थित है? (1)**

**(10.2) हिमालय से निकलने वाली किसी एक नदी का नाम बताइए। (1)**

**(10.3) हिमालय को 'एशिया का जल शिखर' क्यों कहा जाता है? (2)**

**11. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

द्वितीय सहस्राब्दी सा.सं.पू. के उत्तरार्ध में उत्तर भारत की विभिन्न क्षेत्रीय संस्कृतियाँ धीरे-धीरे स्वयं को पुनर्गठित करने लगीं। लोग स्वयं को कुलों अथवा वंशों के रूप में संगठित करने लगे, जो संभवतः समान भाषा एवं सांस्कृतिक परंपराओं को साझा करते थे। प्रत्येक कुल या वंश एक नियत भौगोलिक क्षेत्र से जुड़ गया, जिसे 'जनपद' कहा गया, जो एक राजा या शासक द्वारा शासित होता था। संस्कृत में जनपद का अर्थ है— "जहाँ 'जन' ने अपने पद (पग या चरण) रखे हों", अर्थात् जहाँ लोग निवास करने लगे। जैसे-जैसे व्यापारिक मार्गों तथा वाणिज्यिक तंत्रों का विस्तार हुआ और वे विभिन्न जनपदों को आपस में जोड़ने लगे, वैसे-वैसे ये जनपद भी विकसित होने लगे। 8वीं या 7वीं शताब्दी सा.सं.पू. तक कुछ प्रारंभिक जनपद मिलकर विशाल राजकीय इकाइयों में परिवर्तित हो गए, जिन्हें 'महाजनपद' कहा गया। प्राचीन ग्रंथों में इन महाजनपदों की अलग-अलग सूचियाँ मिलती हैं, परंतु एक प्रमुख प्रचलित सूची के अनुसार 16 महाजनपदों के नाम प्राप्त होते हैं। ये महाजनपद उत्तर-पश्चिम में गांधार से लेकर पूर्व में अंग तक तथा मध्य भारत में अश्मक (गोदावरी नदी के निकट) तक विस्तृत थे। संभवतः इनके अतिरिक्त अन्य महाजनपद एवं छोटे-छोटे स्वतंत्र जनपद भी रहे होंगे।

**प्रश्न:**

**(11.1) जनपद का क्या अर्थ है? (1)**

**(11.2) किसी एक महाजनपद का नाम बताइए। (1)**

**(11.3) किन कारकों ने महाजनपदों के उदय को बढ़ावा दिया? (2)**

**12. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

लोकतंत्र में सरकार का गठन सामान्यत: किसी न किसी प्रकार के निर्वाचन के माध्यम से होता है, जबकि जिन राजतंत्रात्मक राज्यों में राजा या रानी होते हैं, वहाँ सामान्यत: राजपरिवार का ही कोई सदस्य शासन करता है और निर्णय लेता है कि किस प्रकार शासन किया जाए। सरकार बनाने के अन्य तरीके भी हो सकते हैं, यहाँ तक कि लोकतंत्रों में भी निर्वाचन की विभिन्न प्रणालियाँ अपनाई जा सकती हैं।

**प्रश्न:**

**(12.1) राजशाही में शासकों का चुनाव कैसे होता है? (1)**

**(12.2) लोकतंत्र में सरकार कैसे बनती है? (1)**

**(12.3) भारत में सरकार के अंगों के कार्यों को समझाइए। (2)**

**13. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

कहा जाता है कि 'आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है'। जैसे-जैसे विनिमय की जाने वाली वस्तुओं के प्रकार और संख्या बढ़ने लगी और वस्तु विनिमय सुदूर क्षेत्रों तक होने लगा, यह स्पष्ट हो गया कि अब एक अलग प्रणाली की आवश्यकता है। एक सामान्य विनिमय माध्यम ही व्यापार को आसान बनाएगा और इसी कारण मुद्रा अस्तित्व में आई। जैसे-जैसे अधिक से अधिक व्यक्ति इसे वस्तुओं एवं सेवाओं के लेन-देन में प्रयोग करने लगे, यह भुगतान की एक स्वीकृत विधि बन गई।

**प्रश्न:**

**(13.1) वस्तु-विनिमय प्रणाली का क्या अर्थ है? (1)**

**(13.2) वस्तु-विनिमय प्रणाली का एक उदाहरण बताइए। (1)**

**(13.3) पैसे ने व्यापार की प्रणाली को कैसे आसान बनाया? (2)**

## खंड च

## मानचित्र आधारित प्रश्न (1x5=5)

**14. भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं पांच स्थानों को दर्शाएं एवं उनके नाम लिखें-**

**(I) मगध**


**(II) अश्मक**

**(III) थार रेगिस्तान**

**(IV) अंडमान और निकोबार द्वीप**

**(V) अरावली पहाड़ियाँ**

**(VI) सुंदरबन डेल्टा**



भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)